# शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2020–21

कक्षा – बी.ए. भाग–तीन

विषय– हिन्दी साहित्य (प्रश्न पत्र–I) पूर्णांक 75

---

नोट – सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

प्रश्न 1. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – **24 अंक**

(क) नैनन आगे ख्याल घनेरा ।
जेहि कारण जग डोलत भरमै, सो साहब घट लीन्ह बसेरा ।
का संझा का प्रात सबेरा, जहं देखूं तहं साहेब मेरा ।
अरथ–उरथ बिच लगन लगी है, साहेब घट में कर लीन डेरा ।
साहेब कबीर एक माला दीन्हा, धरमदास घट ही बिच फेरा

**अथवा**

येती बिहनिया ले घर म खड्क तलवार ल माजे के काम घलो शुरू रहय, आज घरो–घर खड्ग के पूजा होथय, ये दिन न हिन्दू मन साल भरले अगोरत रहिथए । येला बड़ा पवित्र दिन माने जाथे, काहे के ये दिन आर्य के जीत के पताका अनार्य के किल्ला में फहिराये रहिस हे । ये वही सुभ दिन आय जउन दिन भगवान राम हर रावण ला खतम कर आर्य संस्कृति के रक्षा करे रहिन ।

(ख) बिन आदर के पहुना ।
बिन आदर घर जाय ।
गोड़ धोय परछी मं बइठै
सूरा बरोबर खाय ।

**अथवा**

तेल फूल से लइका बाढ़य पानी से बाढ़य धान ।
खान–पान में सगा कुटुम करवैया बढ़य किसान ।

(ग) तैय उठथस सूरूज उथे सुसताथस होथे साम रे ।
रात घलो हो जाये, जब लेथस बने आराम रे ।।
जउन पानी ल तैयं छूथस, वो गंगा जल हो जाथे रे ।
जउन लकड़ी न तैयं धरथस, तुतारी–हल हो जाथे रे।
जउन बीजा ल तैयं छूथस, हो जाथे सुघ्घर पेड़ रे ।
जउन रसदा ले रेंगथस बंन जाथे वोहर भेड़ रे ।

अथवा

छै बित्ता के मनखे देखो कान्का जिनिस बिसा लेथे ।
आगी पानी पवन आकासा, भुंईया तको नंगा लेथे ।।
चारो डहर सवाल उगे हे, मूड उचाए करगा कस ।
येला लू के सफल किसन्हा, हर जुवाब सिरजा लेथे ।।

प्रश्न 2. छत्तीसगढ़ी साहित्य संत धर्मदास के योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके काव्य की विशेषताएँ लिखिए । **13 अंक**

**अथवा**

लखन लाल गुप्त जी के निबंध 'सोनपान' का सारांश लिखिए ।

प्रश्न 3. सीख–सीख के गोठ पाठ से पांच मुहावरों का उल्लेख करते हुए सामाजिक जीवन में उनके महत्व पर प्रकाश डालिए । **13 अंक**

**अथवा**

समकालीन काव्य के विकास में मुकुंद कौशल का स्थान निर्धारित कीजिए ।

प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किन्ही तीन लघुउत्तरीय प्रश्नों का उत्तर लिखिए । **15 अंक**

1. छत्तीसगढ़ी साहित्य ।
2. छत्तीसगढ़ी कहानी लेखन ।
3. छत्तीसगढ़ी भाषा क्षेत्र।
4. छत्तीसगढ़ी स्वर एवं व्यंजन ।
5. पं. सुन्दर लाल शर्मा का साहित्यिक परिचय ।
6. चंदैनी–गोंदा का उद्देश्य ।

प्रश्न 5. निम्नलिखित में से किन्ही दस का अतिलघुत्तरीय प्रश्नों का उत्तर लिखिए । **10 अंक**

1. कारी का कथानक नारी प्रधान है या पुरूष प्रधान
2. रामचंद्र देशमुख का जन्म स्थान
3. कनिहा शब्द का हिन्दी रूप लिखिए
4. 'डहर के फूल' कहानी संग्रह है या निबंध संग्रह
5. 'कुकरा' शब्द का हिन्दी रूप
6. 'राजीव प्रेम पियूष' के रचनाकार का नाम
7. चुरौना का हिन्दी शब्द
8. हिजगा–पारी में कौन सा समास है ?
9. छत्तीसगढ़ी गज़ल के रचनाकार का नाम
10. एक रूख एकेच भाखा काव्य है या जीवनी
11. झटकुन का हिन्दी रूप
12. अब्बड़ का हिन्दी रूप
13. कमचिल का हिन्दी रूप

शासकीय महाविद्यालय पाटन ,जिला – दुर्ग (छ0ग0)

मॉडल परीक्षा 2020–21

कक्षा का नाम – बी.ए. भाग तीन

विषय – हिन्दी साहित्य, प्रश्न पत्र – प्रथम II

समय : 3 घंटे | पूर्णांक : 75

नोट :– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों में अंक समान है।

---

प्रश्न 1.प्राचीन, मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं के विकास को समझाइये?

अथवा

आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं के विकास को समझाइयें ?

प्रश्न 2. हिन्दी साहित्य के आदिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिये?

अथवा

हिन्दी साहित्य के स्वर्ण युग भक्तिकाल का संपूर्ण विवरण दीजिये?

प्रश्न 3. हिन्दी के शब्द भंडार तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशी, संकर को समझाइये?

अथवा

कार्यालयीन भाषा एवं मीडिया की भाषा को सविस्तार समझाइये?

प्रश्न 4. 'रस' से आप क्या समझते है? रस के अंगों पर प्रकाश डालिये ?

अथवा

अलंकार की परिभाषा देते हुए उसके प्रकारों को समझाइये ?

प्रश्न 5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिये ? (कोई पन्द्रह)

1. हिन्दी साहित्य का प्रथम इतिहास – ग्रंथ किसने लिखा ?
2. हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग किस काल को कहते हैं ?
3. रीति काल को अन्य किस नाम से जाना जाता है ?
4. हिन्दी का प्रथम उपन्यास कौन सा है ?
5. हिन्दी का प्रथम नाटक कौन सा है ?
6. उपन्यास सम्राट किसे कहते है ?
7. संचारी भाव कितने होते है ?
8. चौपाई छंद में कितनी मात्राएं होती हैं ?
9. 'कनक –कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय' में कौन सा अलंकार है?



10. हिन्दी की प्रथम कहानी का नाम लिखिये ?
11. एक आंचलिक उपन्यासकार का नाम लिखियें ?
12. काव्य प्रयोजन में ' प्रयोजन ' का शाब्दिक अर्थ क्या हैं ?
13. छायावाद के प्रवर्तक कौन है ?
14. 'रहस्यवाद' की परिभाषा दीजिये ?
15. किसी प्रगतिवादी कवि का नाम लिखिये ?
16. 'सूखी डाली' एकांकी के रचनाकार का नाम लिखिये ?
17. प्रेमचंद की किसी एक कहानी का नाम लिखिये ?

000